# प्रेस नोट–जनपद मुजफ्फरनगर

## दिनांक–09.05.2025

- **थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 वांछित व 15,000/– का ईनामी अभियुक्त सहित कुल 02 अभियुक्तगण घायल/गिरफ्तार–**

  दिनांक 08.05.2025 को प्र0नि0 थाना मंसूरपुर श्री सुभाष अत्री मय हमराहीगण द्वारा 15 हजार का इनामी व मु0अ0सं0 346/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त इमरान उर्फ शाहनूर पुत्र अबरार निवासी ग्राम जिसौडा थाना मुंडाली जनपद मेरठ तथा अभियुक्त सलमान पुत्र सलीम निवासी ग्राम जिसौडा थाना मुंडाली, जनपद मेरठ को ग्राम मुबारिकपुर मार्ग से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 तमंचे मय 02 खोखा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 143/25 धारा 109,317(2) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 शातिर चोर अभियुक्त घायल/गिरफ्तार–**

  दिनांक 08/09.05.2025 को प्र0नि0 थाना खालापार श्री महावीर सिंह चौहान मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त गुफरान पुत्र इस्लाम निवासी एक मीनार मस्जिद के पास बघरा थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को राणा चौक के पास जंगल से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 टाटा 407 ट्रक चोरी का(मु0अ0सं0 47/2025 धारा 303 बीएनएस थाना रायपुर रानी, पंचकुला हरियाणा से सम्बन्धित), 02 फर्जी नम्बर प्लेट व प्रपत्र आरसी व गाडी का लॉक तोडने के उपकरण बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 87/2025 धारा 109,317(5),318(4),336(2) बीएनएस व धारा 3/25/28 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना ककरौली पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 02 शातिर अभियुक्तगण घायल/गिरफ्तार–**

  दिनांक 08/09.05.2025 को थानाध्यक्ष ककरौली श्री जोगिन्दर सिंह मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्तगण 1. शाबू उर्फ साबूद्दीन निवासी हरिजन पट्टी थाना दौराला, मेरठ व 2. विजय उर्फ गुडडू पुत्र नत्थन निवासी मौहल्ला विक्रमपुरा थाना दौराला, मेरठ को आश्रम तिराहे के पास से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 12 बोर तथा 01 स्पलैण्डर मोटर साईकिल बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ककरौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 72/2025 धारा 109(1) बीएनएस व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 09.05.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त निरीक्षक अपराध श्री विनय कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 115/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तगण 1. अमित बंसल पुत्र राकेश बसंल व 2. सुमित बंसल पुत्र राकेश बंसल निवासीगण पटेल नगर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को मदन स्वीट के पीछे रेलवे रोड से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**

  दिनांक 09.05.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री कृष्ण कपूर मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त फुरकान पुत्र सलीम निवासी महमूदनगर थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को सरवट फाटक से माल रोड की तरफ जाने वाले रास्ते पर झाड़ियों के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 चाकू नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 116/2025 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।